## एक नजर में

### ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला

**रीवा.** जिले के रामनई हाईवे के पास आज एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मारते हुए उन्हें कुचल दिया. हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जबकि अपुष्ट सूत्रों के अनुसार एक व्यक्ति की मौत होने की खबर सामने आ रही है. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए और हादसे को लेकर आक्रोश जताया. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है .वहीं इस दुर्घटना के बाद रीवा जाने वाले मार्ग पर लंबा जाम लग गया, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही. सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित करने के साथ जाम खुलवाने का प्रयास शुरू किया.

### आज बड़ौदा अहीर आएंगे राज्यपाल

**खंडवा.** प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज जिले के पंधाना विकासखंड के ग्राम बड़ौदा अहीर स्थित जननायक टंट्या भील के स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल पटेल सुबह 9 बजे हेलीकॉप्टर से भोपाल से रवाना होकर से सवा दस बजे बजे बड़ौदा अहीर पहुंचेंगे. सुबह 11 बजे जननायक टंट्या भील के स्मारक पर पूजन कर साढ़े ग्यारह बजे टंट्या भील के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को सिकल सेल कार्ड और आयुष्मान कार्ड वितरित करेंगे.

### अचलेश्वर महादेव मंदिर की दान पेटियां खुलीं

**ग्वालियर.** शहर के प्राचीन अचलेश्वर महादेव मंदिर में आज शुक्रवार को दान पेटियां खोली गई. इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित की गई राशि की गणना की गई, जिसमें पांच चांदी के सिक्के और अन्य चांदी की वस्तुएं भी मिलीं. ट्रस्ट के प्रबंधक राजेश परासर ने बताया कि आज मंदिर परिसर में विभिन्न पदाधिकारियों की उपस्थिति में दान पेटियां खोली गई. दान राशि की गिनती पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई. गणना के दौरान 500, 200, 100, 50, 20, 10 और 5 रुपए के नोटों का विस्तृत विवरण तैयार किया गया. प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, कुल 4,70,240 रुपए की दान राशि दर्ज की गई. दान राशि की गणना को रजिस्टर में दर्ज किया गया.

# विधानसभा की 6 और समितियां गठित

### अब तक कुल 15 समितियां गठित

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 3 अप्रैल, वर्ष 2026-27 की अवधि में सेवा करने के लिए विधानसभा की समितियों के गठन का सिलसिला लगातार जारी है.**

शुक्रवार को भी सदन की 6 और समितियों का गठन किया गया है, इनमें से गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति, याचिका एवं अभ्यावेदन समिति, पुस्तकालय अनुसंधान एवं संदर्भ समिति,पटल पर रखे गये पत्रों का परीक्षण करने संबंधी समिति, आचरण समिति एवं कृषि विकास समिति शामिल है. विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने इन समितियों का गठन किया है. इन समितियों को मिलाकर अब तक सदन की कुल 15 समितियों का गठन कर दिया गया है.

गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का सभापति विजयपाल सिंह को नियुक्त किया गया है. विधायक बालकृष्ण पाटीदार, सुरेन्द्र गहरवार , मथुरालाल डामर, सिद्धार्थ तिवारी,डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह एवं पंकज उपाध्याय सदस्य नामांकित किया गया है. इसी तरह याचिका एवं अभ्यावेदन समिति का सभापति इंजी. प्रदीप लारिया को नियुक्त किया गया है. विधायक कमल मर्सकोले, राजकुमार मेव, विक्रम सिंह, अनिरुद्ध माधव मारू, प्रीतम लोधी, विश्वनाथ सिंह, धीरेन्द्र बहादुर सिंह, महेश परमार मधु भगत एवं आतिफ आरिफ अकील को सदस्य बनाया गया है.

वहीं पुस्तकालय अनुसंधान एवं संदर्भ समिति का सभापति सुरेन्द्र पटवा को नियुक्त किया गया है. विधायक सूर्यप्रकाश मीना, उमाकांत शर्मा,सुश्री मंजू राजेन्द्र दादू, नीरज सिंह ठाकुर,मोहन सिंह राठौर, महेन्द्र नागेश, मुरली भंवरा,डॉ. तेजबहादुर सिंह, कामाख्या प्रताप सिंह, कैलाश कुशवाहा,मुकेश मल्होत्रा, हरिबाबू राय, चैनसिंह वरकड़े एवं विवेक विक्की पटेल को सदस्य बनाया गया है.

पटल पर रखे गये पत्रों का परीक्षण करने संबंधी समिति का सभापति हरदीप सिंह डंग को नियुक्त किया गया है. विधायक प्रेमशंकर वर्मा,जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुकेश टंडन, जितेन्द्र पण्ड्या अम्बरीश शर्मा, शरद जुगलाल कोल, बृजबिहारी पटेरिया, ओमकार सिंह मरकाम, केदार चिड़ाभाई डाबर एवं कुंवर अभिजीत शाह सदस्य होंगे.

> आचरण समिति का सभापति दिलीप सिंह परिहार को नियुक्त किया गया है. विधायक हरिसिंह रघुवंशी,हजारीलाल दांगी,चन्दर सिंह सिसोदिया, रमेश प्रसाद खटीक, शरद जुगलाल कोल, धीरेन्द्र बहादुर सिंह, मधु गेहलोत, देवेन्द्र पटेल आतिफ आरिफ अकील एवं श्रीमती अनुभा मुंजारे को सदस्य बनाया गया है. इसी क्रम में कृषि विकास समिति का सभापति ठाकुरदास नागवंशी को नियुक्त किया गया है. विधायक महेन्द्र सिंह चौहान, शिवनारायण सिंह, राजेश कुमार शुक्ला,श्रीमती मनीषा सिंह, महेन्द्र यादव, श्रीकांत चतुर्वेदी, जितेन्द्र पंडया, सचिन सुभाषचन्द्र यादव, साहब सिंह गुर्जर एवं नीलेश पुसाराम उइके को सदस्य नामांकित किया गया है.



# मध्यप्रदेश के 42 जिलों में बारिश का अलर्ट

**भोपाल, 03 अप्रैल. मध्यप्रदेश में मौसम के मिजाज में शुक्रवार को बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा. मौसम के मिजाज में अचानक आए बदलाव ने पूरे प्रदेश को चिंता में डाल दिया है.**

वर्तमान में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन सक्रिय होने के साथ-साथ उत्तर-पश्चिमी हिस्से में दो नए वेदर सिस्टम बनने से प्रदेश के बड़े हिस्से में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का दौर शुरू हो गया. मौसम विभाग ने शुक्रवार को 42 जिलों में अलर्ट जारी किया है, जिनमें से 9 जिलों में ओले गिरने की संभावना भी है. गुरुवार को प्रदेश के 15 से ज्यादा जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई. मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान इंदौर और जबलपुर संभाग के जिलों में मौसम सबसे अधिक आक्रामक रह सकता है. अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और सिवनी जैसे जिलों में ओले गिरने की संभावना है.

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, देवास, गुना, अशोकनगर, विदिशा, सीहोर, हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम, रायसेन, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी, अनूपपुर, मंडला और बालाघाट में तेज आंधी चलने और बारिश होने का अलर्ट है. 4 और 5 अप्रैल को भी राहत के आसार नहीं हैं. 4 अप्रैल को ग्वालियर, चंबल, भोपाल और इंदौर समेत प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आंधी-बारिश की स्थिति बनी रहेगी.

### तेज रफ्तार से चलेगी आंधी

प्रदेश के केवल बारिश ही नहीं, बल्कि तेज रफ्तार आंधी का भी खतरा बना हुआ है. मौसम विभाग का अनुसार है कि 6 अप्रैल तक राज्य के कई हिस्सों में हवाओं की गति 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक पहुंच सकती है, जबकि अन्य जिलों में हवा की रफ्तार 30 से 40 किमी प्रतिघंटा रहेगा. भोपाल, उज्जैन, सागर और चंबल संभाग सहित प्रदेश के लगभग 42 जिलों में गरज-चमक के साथ तेज हवाओं का दौर जारी रहने वाला है.



### उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने श्री महाकालेश्वर भगवान के किए दर्शन

भोपाल. उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन एवं पूजन किया. दर्शन उपरांत श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी द्वारा उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल का स्वागत एवं सत्कार किया गया.

# डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने किए ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन



**ओंकारेश्वर.** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक व अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने ओंकारेश्वर पहुंचकर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर पूजा-अर्चना की. इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक ट्रस्टी राव पुष्पेंद्र सिंह ने उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया. दर्शन के बाद चर्चा में डॉ तोगड़िया ने कहा कि भगवान ओंकारेश्वर के स्वरूप में विद्यमान हैं और उच्चारण से ही सृष्टि की उत्पत्ति मानी जाती है. उन्होंने कहा कि मां नर्मदा के पावन तट पर स्थित यह धाम सनातन हिंदुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है. उन्होंने कहा कि ओंकार पर्वत के आकार का है, इसलिए इसे किसी भी रूप में खंडित नहीं किया जाना चाहिए.

# 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदेगी सरकार


### 19 लाख 4 हजार किसानों ने कराया पंजीयन

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल,3 अप्रैल. राज्य सरकार मौजूदा सीजन में 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी करेगी. ये पिछले वर्ष खरीदी गई 77 लाख मीट्रिक टन से एक लाख मीट्रिक टन अधिक है. मौजूदा सीजन के लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने खरीदी के लिए लक्ष्य तय कर दिया है.**

प्रदेश में गेहूं उपार्जन के लिये इस वर्ष रिकॉर्ड 19 लाख 4 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3 लाख 60 हजार अधिक है. किसानों को इस वर्ष 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के साथ ही 40 रुपये प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा. इस वर्ष किसानों का पंजीकृत रकबा 41.58 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया है, जो विगत वर्ष से 6.65 लाख हेक्टेयर अधिक है. किसानों को उपार्जन केन्द्रों पर इंतजार न करना पड़े, इसके लिए उपार्जन प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से शुरू की जा रही है. इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 10 से तथा शेष संभागों में 15 से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन प्रारंभ किया जाएगा.

### 50 हजार जूट की गठानों का अतिरिक्त आवंटन



मंत्री ने कहा कि एलपीजी गैस की उपलब्धता बनाए रखने और औद्योगिक उपयोग में पेट्रोलियम पदार्थों की सीमाओं के कारण बारदानों की उपलब्धता में आई संभावित कठिनाइयों का भी समाधान कर लिया गया है. भारत सरकार ने मप्र को 50 हजार जूट की गठानों का अतिरिक्त आवंटन किया है. साथ ही गेहूं उपार्जन के लिए एचडीपी, पीपी बैग और एक बार उपयोग होने वाले जूट बारदाने के उपयोग की अनुमति भी दी गई है उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार लगातार बारदाना उपलब्धता और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर राज्य सरकार को सहयोग प्रदान कर रही है.

> खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 77 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया था. इस वर्ष वैश्विक परिस्थितियों और पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी चुनौतियों के बावजूद किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए सरकार ने 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है. राजपूत ने कहा कि पश्चिम एशिया में पिछले एक माह से युद्ध की स्थिति के कारण पेट्रोल, डीजल, एलपीजी गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका थी.

# अफीम व एमडी ड्रग्स जब्त, 3 अरेस्ट

## कार्रवाई : नारकोटिक्स विंग का बड़ा ऑपरेशन

**इंदौर, 03 अप्रैल. नारकोटिक्स विंग इंदौर ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए अलग अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. कार्रवाई में अफीम और एमडी ड्रग्स बड़ी मात्रा में बरामद की गई है.**






उप पुलिस अधीक्षक संतोष हाड़ा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पोलो ग्राउंड क्षेत्र से 22 वर्षीय राज बेहाल निवासी शास्त्री नगर, खंडवा को पकड़ा है. तलाशी में उसके पास से 1 किलो 111 ग्राम अफीम बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 5.10 लाख रुपए आंकी गई है. वहीं दूसरी कार्रवाई में टीम ने अर्जुन बड़ोद शिप्रा रोड स्थित श्रीराम ढाबे के पास घेराबंदी कर बिना नंबर की बाइक पर सवार दो संदिग्धों को पकड़ा.

पूछताछ में उनकी पहचान अनस खान उम्र 24 साल निवासी शाजापुर और अभियान अली उम्र 20 साल निवासी राजगढ़ के रूप में हुई. तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 52.24 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 5.20 लाख रुपए बताई जा रही है. आरोपियों से पूछताछ में ड्रग्स तस्करी की पुष्टि हुई है. सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर नेटवर्क और सप्लाई चेन के संबंध में पूछताछ की जा रही है.

# 12 वर्षीय बालिका को आशिर्वाद हास्पिटल में नया जीवन

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज 3 अप्रैल, एक समय ऐसा था जब 12 वर्षीय सीमा कोल कर जिंदगी उम्मीदों से नहीं बल्कि अनिश्चितताओं से घिरी हुई थी। बेहद नाजुक हालत, शरीर में मात्र 2.1 ग्राम हीमोग्लोबिन और गिरकर 36 हजार तक पहुंच चुके प्लेटलेटस ये आंकड़े ही उसकी गंभीर स्थिति को बयान करने के लिये काफी हैं।**



परिजनों ने लगभग उम्मीद छोड़ दी थी और कई अस्पतालों के चक्कर लगाने के बाद थक चुके थे। ऐसे कठिन समय में जब हर रास्ता बंद होता नजर आ रहा था तब परिजन सीमा को लेकर मऊगंज स्थित आशिर्वाद हास्पिटल पहुंचे जहां पहुंचते ही विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम ने बिना समय गवाये बच्ची की स्थिति का गंभीरता से आंकलन किया और तत्काल इलाज शुरू किया। अस्पताल की आधुनिक सुविधायें, अनुभवी चिकित्सकों की टीम और निरंतर निगरानी ने धीरे-धीरे असंभव को संभव में बदलना शुरू कर दिया और सीमा की सेहत में आश्चर्यजनक सुधार आया। यह घटना न केवल एक बच्ची के जीवन की जीत है बल्कि मऊगंज में स्वास्थ्य सेवाओं की ब?ती गुणवत्ता और भरोस का भी प्रतीक बन गई है। स्थानीय लोगों ने अस्पताल की सराहना करते हुये इसे क्षेत्र के लिए एक उम्मीद की किरण बताया है।

# कन्या उ. मा .विद्यालय सिरमौर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव

**नवभारत न्यूज**

**सिरमौर 3 अप्रैल, शास . उ. मा. वि. सिरमौर में नवप्रवेशी छात्रों के स्वागत हेतु हर्षोल्लास के साथ प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई।**




विद्यालय के प्राचार्य ने सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का स्वागत करते हुए गत सत्र 2025-26 के सभी कक्षाओं के रिजल्ट, मेरिट लिस्ट मे आने वाले छात्रों को सम्मानित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला एवं सभी अभिभावकों से उनके बच्चों को शत प्रतिशत विद्यालय प्रतिदिन भेजनें का अनुरोध किया साथ हीस्थानीय परीक्षा मे द्वितीय अवसर प्राप्त करने वाले छात्रों को भी प्रतिदिन उपस्थित होने के लिए कहा गया जिससे उनके सम्बन्धित विषय तैयार कराये जा सकें ताकि वह उत्तीर्ण हो सकें।

इस अवसर पर बच्चों का तिलक लगाकर, फूलमालाओं एवं मिठाइयों के साथ स्वागत किया गया। साथ ही उन्हेंनि:शुल्क पुस्तकें, उपस्थित पात्र छात्रों को नि:शुल्क साइकिल एवं अंकपत्र वितरित किये गए कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र पांडेय नें की जबकि अध्यक्षता प्राचार्य शिवप्रसाद साकेत नें की एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष विजय सोनी, भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ प्रांतीय मुख्य महासचिव बीरेंद्र प्रसाद मिश्र रहे सभी मंचा सीन पदाधिकारियों नें अपने अपने विचार ब्यक्त किये अंत में शिक्षक के द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाप उपस्थिति रहे


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है M/S SHARMA INFRA रजिस्टेशन क्र. 05/22/03/0189/19 जो कि 28/03/2019 में रजिस्टर्ड की गई थी इस संस्था के पार्टनर बृजेश कुमार शर्मा पिता सतेन्द्र कुमार शर्मा स्वयं दिनांक 13/03/2026 से सेवा निवृत हुये है तथा बृजेश कुमार शर्मा जी का कोई भी शेष प्रतिफल देयक फर्म में वकाया नही है, और इसी संस्था में दिनांक 13/03/2026 को संतलाल उपाध्याय पिता दिनेश प्रसाद उपाध्याय नये पार्टनर के रूप में शामिल हुये है ।इसमे संस्था का पता नीयर विकास आटा चक्की मझियार रोड अनंतपूर बोदाबाग रीवा म.प्र. पिन कोड 486001 जिसे बदलकर फर्म का वर्तमान पता Vill-Bedhauwa Post Madau Tehsil Sirmour Distt Rewa MP PIN CODE- 486448 होगा ।

**M/S SHARMA INFRA**

**1-पंकज कुमार शर्मा**

**2- बृजेश कुमार शर्मा**

**पता- Vill- Bedhauwa Post Madau Tehsil Sirmour Distt Rewa MP**

### आम सूचना

सभी आमखास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार स्वीटी सोनी पूर्व पति सचिन सिंह वर्तमान पति अविनाश श्रीवास्तव निवासी ग्राम मदोर तहसील त्यौंथर जिला रीवा हाल निवास मंदाकिनी बिहार कालोजी सिविल लाईन सतना जिला सतना म0प्र0 मेरे कार्यालय में आकर मुझे संपूर्ण तथ्यों से अवगत कराकर यह सूचना प्रकाशित किये आने के संबंध में अधिकृत किया है जो सभी संबंधी जनों को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार द्वारा दत्तक गृहण हेतु अपने पुत्र विवान सोनी उर्फ समर सिंह को मेरे पक्षकार स्वीटी सोनी के द्वितीय पति अविनाश श्रीवास्तव को विधिक रूप से दत्तक पुत्र के रूप में देना चाहती है इस संबंध में विवान सोनी पुत्र सचिन सिंह व उनके अन्य रिश्तेदारों व विवान सोनी पर हक दावा रखने वाले संबंधियों को आम सूचना के माध्यास से सूचित किया जाता है इस संबंध में हिन्दू दत्तक और भरण पोषण अधिनियम 1956 के अंतर्गत उक्त बालक का दत्तक गृहण करने हेतु कुटुम्ब न्यायालय सतना में जिसका प्र0क्रं0-एम.जे.सी.जी.डब्लू. 549/2025 आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: सर्वसम्मति से यह सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी उक्त संबंध में कोई आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति माननीय कुटुम्ब न्यायालय में प्रस्तुत करें।

**भवदीय**

**अन्नपूर्णा तिवारी (एड0)**

**जिला न्यायालय सतना (म.प्र.)**


# अगवा नाबालिग किशोरी दस्तयाब आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 3 अप्रैल, नाबालिक बालक एवं बालिकाओं की दस्त्याबी हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे अभियान मुस्कान के तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जमोड़ी पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।**

पुलिस ने न केवल गुमशुदा नाबालिग किशोरी को सुरक्षित दस्तयाब किया, बल्कि आरोपी को भी सलाखों के पीछे पहुंचाया है। पुलिस के अनुसार थाना जमो?ी के अंतर्गत नाबालिग किशोरी के अचानक लापता होने की सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल मामला पंजीबद्ध किया था। विवेचना के दौरान यह संज्ञान में आया कि आरोपी द्वारा किशोरी को बहला-फुसलाकर अगवा किया गया था। आरोपी किशोरी को अपने साथ ले गया और ग्राम सेमरिया में उसे बंधक बनाकर पत्नी की तरह रखने लगा।

**पुलिस टीम की दबिश और गिरफ्तारी-** थाना प्रभारी जमोड़ी, उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सेमरिया में घेराबंदी कर किशोरी को सुरक्षित बरामद किया।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध वैधानिक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। इस सफल ऑपरेशन में थाना प्रभारी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के साथ उनि वर्षा यादव, आरक्षक केपी सिंह और महिला आरक्षक कृति त्रिपाठी की उल्लेखनीय और सक्रिय भूमिका रही।

# नशीली गोलियों व कफ सिरफ का जखीरा बरामद, तस्कर गिरफ्तार

## नशा मुक्त भारत अभियान : सीधी पुलिस की नशे के सौदागरों पर बड़ी चोट

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 3 अप्रैल, नशे के काले कारोबार पर पूर्णत: अंकुश लगाने हेतु केंद्र सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सीधी पुलिस निरंतर सक्रिय है।**

इसी तारतम्य में पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत, उप महानिरीक्षक हेमंत चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन तथा मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव व एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कोल के नेतृत्व में थाना सेमरिया पुलिस ने नशीली दवाओं की अवैध तस्करी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। सीधी पुलिस के अनुसार दिनांक 02 अप्रैल 2026 को विश्वसनीय मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम हनुमानग? में त्वरित कार्यवाही की गई। आरोपी राजीव उर्फ बबोल बहेलिया के निर्माणाधीन मकान की बारीकी से तलाशी लेने पर ईंटों और पत्थरों के बीच विशेष रूप से छिपाकर रखी गई अवैध नशीली सामग्री बरामद की गई।



जब्त सामग्री में नशीली गोलियां 507 नग प्रतिबंधित ट्रामाडोल गोलियां कीमत 4044.80 रूपये, नशीला कफ सिरफ 10 नग अवैध शीशी कीमत 1719.48 रूपये एवं

**आरोपी एवं वैधानिक कार्यवाही-** गिरफ्तार आरोपी राजीव उर्फ बबोल बहेलिया 32 वर्ष निवासी हनुमानग?, थाना सेमरिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 8, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया है। वैधानिक कार्यवाही के उपरांत आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस अब इस अवैध नेटवर्क के अन्य संपर्कों और आपूर्ति श्रृंखला की गहराई से जांच कर रही है। इस कार्यवाई में थाना प्रभारी सेमरिया उनि केदार परौहा के नेतृत्व में गठित टीम में सउनि भूपेन्द्र बागरी, प्रआर पंकज विश्वकर्मा, जगदीश टांडिया, रामचरण रावत, आरक्षक मनीष शुक्ला, विनीत सिंह, प्रकाश सिंह, रवी सिंह, महिला आरक्षक कृति त्रिपाठी थाना जमोड़ी एवं प्रआर चालक जीतेन्द्र बागरी की सराहनीय भूमिका रही।

**सीधी पुलिस की अपील-** नशा मुक्त समाज के निर्माण में पुलिस का सहयोग करें। अपने आसपास किसी भी नशीले पदार्थ की बिक्री या तस्करी की सूचना तत्काल पुलिस को दें।नशे को न कहें, सुरक्षित भविष्य चुनें।


## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला - रीवा (म.प्र.)

### //निविदा सूचना//

क्रमांक-974/ई-टेंडर/जोन-01/न.पा.नि./2026 रीवा, दिनांक 02.04.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डरक्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक / दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_496773_1 02.04.2026 [FIRST CALL] 972/02.04.2026 | जोन क्रमांक 01 अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 हेतु वार्ड क्रमांक 01, 02, 03, 04, 05, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38 में विभिन्न स्थानों पर WBM सड़क एवं पेवर ब्लाक (पीस वर्क) निर्माण का कार्य । | 04 माह रु.13.34 लाख | रु.2,000.00 रु.10005.00 | 04.05.2026 18.00 बजे तक । |
| 2 | 2026_UAD_496774_1 02.04.2026 [FIRST CALL] 973/02.04.2026 | जोन क्रमांक-01 अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण - 2026 हेतु वार्ड क्रमांक-01, 02, 03, 04, 05, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38 में विभिन्न स्थानों पर RCC नाली, नाली कवर एवं जाली (पीस वर्क) निर्माण का कार्य । | 04 माह रु.14.36 लाख | रु.2,000.00 रु.10770.00 | 04.05.2026 18.00 बजे तक । |

**नोट:-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**(जोन क्रमांक-01**
**नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)**